अपील क्रमांक 182 / बो.प्र. / नि.स. / 2022
कार्यालय प्रमुख अभियंता (बोधी प्रकोष्ट)
जल संसाधन विभाग,
शिवनाथ भवन, सेक्टर–19,
अटल नगर, नवा रायपुर

दिनांक / 10 / 2022

अपील प्रकरण क्रमांक 182 / बो.प्र. / नि.स. / 2022

अपीलार्थी		उत्तरवादी
श्री ज्वाला प्रसाद अग्रवाल, शॉप नं.–2 संतोषी मंदिर परिसर गया नगर, दुर्ग (छ.ग.) मो.नं. 9993590905	विरूद्ध	श्री ए.के. साय, जनसूचना अधिकारी,कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, नवा रायपुर (छ.ग.)

आदेश दिनांक 21.10.2022

1. अपीलार्थी श्री ज्वाला प्रसाद अग्रवाल अनुपस्थित।,
2. जनसूचना अधिकारी श्री ए.के. साय उपस्थित।

1. 3. प्रकरण संक्षेपः

(i) आवेदक / अपीलार्थी ने अपने आवेदन पत्र क्रं. 11, दिनांक 29.08.2022 द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन पत्र में जल संसाधन मंत्रालय के आदेश पृ. क्र. एफ 1–67 / 31 / स्था ज.सं.वि. / 2005, दिनांक 13.01.06 द्वारा पूर्व में पदस्थ तत्कालीन श्री प्रवण कुमार पाल, उप अभियंता, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, वि / यॉ. भारी संयंत्र संभाग रायपुर में पदस्थ को सन् 2006 में स्नातक इंजीनियरिंग डिग्री से उप अभियंता वि / यॉ. से अनु.अधि. वि. / यॉ. आर.एण्ड आर उप संभाग रायपुर में पदस्थ किया गया था, कि संबंधित स्नातक इंजीनियरिंग डिग्री की छायाप्रति एवं डिग्री प्रदाय करने वाली युनिवर्सिटी की मान्यता जैसे U.G.C. एवं AICTE संस्था का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था, जिसका इस कार्यालय का आवक क्रं. 1330, दिनांक 06.09.2022 को प्राप्त हुआ।

(ii) जनसूचना अधिकारी ने पत्र क्रं. 8034, दिनांक 12.09.2022 को पत्र द्वारा आवेदक को पंजीकृत डाक से सूचित किया कि चाही गई वांछित जानकारी संबंधित कक्ष से प्राप्त टीप (छायाप्रति संलग्न) अनुसार इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

(iii) आवेदक / अपीलार्थी ने जनसूचना अधिकारी द्वारा समयावधि में जानकारी नहीं दिये जाने से असंतुष्ट होकर पत्र क्रमांक 89, दिनांक 12.10.2022 द्वारा प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया, जो दिनांक 18.10.2022 को प्रथम अपीलीय अधिकारी को प्राप्त हुआ। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.10.2022 को समय दोपहर 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कक्ष क्र. SA-9, कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर में निर्धारित किया गया।

4. जनसूचना अधिकारी द्वारा आज दिनांक 21.09.2022 को सुनवाई में उपस्थित होकर बताया गया कि आवेदक / अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 06.09.2022 को प्राप्त हुआ। उपरोक्त वांछित जानकारी स्थापना शाखा से प्राप्त टीप (छायाप्रति संलग्न) अनुसार इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। स्थापना कक्ष से प्राप्त टीप को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4112275 / 154 / छ.ग. / 2022 / 8034, दिनांक 12.09.2022 द्वारा आवेदक को पंजीकृत डाक से सूचित किया गया।

5. (i) जनसूचना अधिकारी ने नियम अवधि से पूर्व आवेदक/अपीलार्थी को विस्तृत रूप से सूचित किया था।

(ii) आवेदक/अपीलार्थी को जनसूचना अधिकारी ने पत्र क्रं. 8034, दिनांक 12.09.2022 को पत्र द्वारा आवेदक को पंजीकृत डाक से सूचित किया कि चाही गई वांछित जानकारी संबंधित कक्ष से प्राप्त टीप (छायाप्रति संलग्न) अनुसार इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

(iii) आवेदक/अपीलार्थी ने जानकारी नहीं देने संबंधी अपील की जो दिनांक 18.10.2022 को प्राप्त हुई। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.12.2022 को निर्धारित की गई, जिसमें आवेदक/अपीलार्थी अनुपस्थित रहा।

6. जनसूचना अधिकारी ने नियत समय सूचना, निर्धारित अवधि में दी थी। जनसूचना अधिकारी द्वारा अपीलार्थी को समय पूर्व सूचित किया कि जानकारी इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। जनसूचना अधिकारी ने नियमानुसार निर्धारित अवधि में कार्य किया है। अतः अपील निराकृत।

इस आदेश की प्रति संबंधित पक्षों को निःशुल्क प्रदान की जाती है। इस आदेश से असंतुष्ट पक्ष, इस आदेश के विरूद्ध 90 दिनों के भीतर छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग, नार्थ ब्लाक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) पिन 492002 के कार्यालय में द्वितीय अपील प्रस्तुत कर सकते है।

स्वही/-

(वीरेन्द्र तिवारी)
प्रथम अपीलीय अधिकारी,
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

पृ.क्रं./182/बो.प्र./नि.स./2022/ 9462 **रायपुर, दिनांक** 21/**10/2022**

प्रतिलिपिः–

1. अधीक्षण अभियंता, एम.आई.एस., कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। कृपया उक्त आदेश को विभाग के बेबसाईट (RTI) में अपलोड कराने का कष्ट करें।
2. श्री ए.के. साय, जनसूचना अधिकारी, कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. श्री ज्वाला प्रसाद अग्रवाल, शॉप नं.–2 संतोषी मंदिर परिसर गया नगर, दुर्ग (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

(वीरेन्द्र तिवारी)
प्रथम अपीलीय अधिकारी,
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

G:\RTI\Apeel No. 182\letter-182.docx